## एक नजर में



### भगवान महेश नवमी पर्व पर निकाला भव्य चल समारोह

**सीहोर.** माहेश्वरी समाज द्वारा आराध्य देव भगवान महेश जी के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व पर महेश्वरी मांगलिक भवन से चल समारोह निकाला गया. भगवान महेश बग्गी पर सवार थे. चल समारोह प्रमुख मार्गों से होते हुए महेश्वरी मांगलिक भवन पहुंचा, जहां भगवान महेश का अभिषेक पूजन अर्चन कर आरती एवं प्रसाद वितरित किया गया. चल समारोह में महिला वर्ग पीले वस्त्र एवं पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र धारण किए शामिल रहे. इस अवसर पर समाज अध्यक्ष योगेश राठी, महिला मंडल अध्यक्ष संगीता राठी समाज सचिव महेश, माहेश्वरी, महिला मंडल सचिव अनीता बांगड़, जिला सचिव राकेश बांगड़, महिला मंडल के सचिव रानी तोषनीवाल, युवा संगठन जिला अध्यक्ष पार्थ साबू आदि उपस्थित थे. समाजसेवी सुरेश साबू द्वारा आभार व्यक्त किया गया.



### सैनिकों का त्याग, समर्पण समाज के लिए प्रेरणा स्रोत : दुबे

**सीहोर.** परशुराम कल्याण बोर्ड के संभाग प्रभारी पं. महेश दुबे के नेतृत्व में सेवानिवृत राजेंद्र मेवाड़ा व पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया. श्री दुबे ने कहा कि पूर्व सैनिकों का त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है. सैनिकों ने जीवन का महत्वपूर्ण समय देश की सुरक्षा और सेवा में समर्पित किया है. विधायक सुदेश राय एवं बोर्ड के विष्णु राजोरिया की मन्शानुरूप यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया है. इस अवसर पर हीरालाल प्रजापति, जितेन्द्र साहू, रमेश चन्द्र चन्द्रवंशी, देवकरण प्रजापति, अशोक सिसोदिया, मनोहर सिंह मेवाड़ा, सुरेश मेवाड़ा, राधेश्याम सेन, हनुमत सिंह मेवाड़ा, किशोर प्रजापति, धर्मेन्द्र दुबे, राहुल पाठक, करण सिंह कुशवाह, मुन्नालाल कुशवाह, सक्षम पालिकवाल, पुरुषोत्तम मीणा, भगवान सिंह ठाकुर, मोहन कुशवाह, पुरुषोत्तम दुबे आदि उपस्थित थे.



### वैदिक यज्ञ के साथ व्यायाम प्रशिक्षण शिविर शुरू

**सीहोर.** आर्य समाज महाराणा प्रताप कॉलोनी में साप्ताहिक वैदिक सत्संग और वैदिक यज्ञ का विशेष आयोजन किया गया. आर्य वीर दल द्वारा 30 दिवसीय चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत जिला संचालक व आर्य समाज पुरोहित संदीप आर्य महामंत्री अंकित राठौड़ एवं पुष्प लता राठौड़ द्वारा ध्वजारोहण कर की गई. शिविर में बच्चों को तराशने के लिए ट्रेनर्स अपनी सेवाएं दे रहे हैं. कार्यक्रम में आचार्य विजय राठौड़, शैलेंद्र चंदेल, जितेंद्र सोनी, अरुण राठौर, अभिलेख वर्मा, विनीत शर्मा, डॉ. राजमल मनोरिया, राम प्रकाश जाटव, शेजू बाई मालवीय, अनूप आर्य, श्याम विश्वकर्मा, आदित्य आदि उपस्थित थे.



### भैया मियां को श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री सिंह

**आष्टा.** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह धर्मपत्नी अमृता सिंह के साथ दिवंगत वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद हिफजुर्रहमान भैया मियां को श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके निवास पहुंचे श्री सिंह ने कहा कि स्व. भैया मियां आष्टा के सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के सशक्त स्तंभ थे. उनके साथ मेरे आत्मीय व्यक्तिगत संबंध रहे। उनकी कमी आष्टा को सदैव खलेगी. उन्होंने भैया मियां के सुपुत्रों बादशाह मियां, शहंशाह मियां, नवाब मियां एवं अन्य परिजनों सेचर्चा कर उन्हें ढांढस बंधाया. श्रीमती सिंह ने स्व. भैया मियां की धर्मपत्नी एवं परिवार की महिलाओं से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की. श्रद्धांजलि सभा में पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती एवं ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए.



### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**सीहोर.** मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में 82 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टरवंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा आदि उपस्थित थे.

# सुबह फटकार, दिन में मुनादी और मुहिम फिस्स

## पहले ही दिन ठंडी पड़ी अतिक्रमण विरोधी मुहिम, सीएमओ के वायरल वीडियो की हुई जमकर भर्त्सना

- चर्च ग्राउंड के पास लगी दुकानों को हटाने के दिए थे निर्देश
- मुहिम को लेकर नागरिकों में देखा गया विरोध का माहौल



**सीहोर.** फुटपाथ पर दुकान संचालित करने वाले दुकानदार को सीएमओ द्वारा फटकार लगाने का वायरल वीडियो चर्चाओं में बना रहा.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 23 जून. शहर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण को लेकर प्रशासन द्वारा शुरू की गई कार्रवाई पहले ही दिन विवादों में घिर गई. कलेक्टर के निर्देश पर नपा द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों और सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मुहिम मंगलवार को शुरू की गई थी, लेकिन दिनभर चले घटनाक्रम के बाद शाम होते-होते यह अभियान ठंडा पड़ गया.**

मंगलवार सुबह मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार नगर पालिका अमले के साथ नगर भ्रमण पर निकले. इस दौरान वह पुराने हाईवे क्षेत्र में पहुंचे. चर्च मैदान के बाहर सरकारी भूमि पर संचालित जूते-चप्पल की एक दुकान को लेकर उन्होंने दुकानदार को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए. मौके पर सीएमओ के सख्त तेवर देखने को मिले और दुकानदार को फटकार लगाते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया. इस पूरी कार्रवाई का वीडियो किसी ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया.

वीडियो सामने आने के बाद शहर में कार्रवाई को लेकर बहस छिड़ गई. कई जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने सीएमओ के व्यवहार पर आपत्ति जताई. सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में लोगों ने टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रशासन को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तो करनी चाहिए, लेकिन गरीब और छोटे व्यापारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार भी आवश्यक है. कुछ लोगों ने इसे गरीबों की आजीविका पर प्रहार बताते हुए प्रशासनिक कार्यशैली की आलोचना की. विवाद के बावजूद नपा ने दोपहर में चर्च मैदान के बाहर लगने वाली दुकानों और अन्य अस्थायी अतिक्रमणों को हटाने के लिए मुनादी करवाई. मुनादी के माध्यम से संबंधित व्यापारियों और दुकानदारों को शाम 4 बजे तक स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई. नगर पालिका की ओर से स्पष्ट किया गया कि निर्धारित समय के बाद अमला मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगा.

हालांकि मुनादी का वीडियो और सूचना भी सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई. इसके बाद नपा की प्रस्तावित कार्रवाई को लेकर विरोध के स्वर और तेज हो गए. स्थानीय लोगों, व्यापारियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा इसे लेकर सवाल उठाए जाने लगे. बताया जा रहा है कि बढ़ते विरोध और जनभावनाओं को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने फिलहाल इस कार्रवाई को स्थगित कर दिया.

शाम तक चर्च मैदान क्षेत्र में किसी प्रकार की बड़ी अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई नहीं हो सकी. जिस अभियान की शुरुआत सुबह सख्त तेवरों के साथ हुई थी, वह दिन ढलते-ढलते ठंडी पड़ती नजर आई. शहर में यह चर्चा का विषय बना रहा कि प्रशासन जिस अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर गंभीर दिखाई दे रहा था, वह पहले ही दिन अपेक्षित परिणाम नहीं दे सका. उल्लेखनीय है कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या बनी हुई है. प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की घोषणाएं की जाती रही हैं, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल पाया है. ऐसे में मंगलवार की यह मुहिम भी पहले ही दिन टांय-टांय फिस्स साबित होती दिखाई दी. अब देखना होगा कि नपा आगे इस अभियान को किस रणनीति के साथ दोबारा शुरू करती है.

## कद्दावर नेता अरोरा को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**सीहोर.** भाजपा ने प्रदेश में संगठन को और अधिक मजबूती देने के लिए आज अपनी नई प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों की आधिकारिक घोषणा कर दी है. इस सूची में जिले के वरिष्ठ व कद्दावर नेता जसपाल सिंह अरोरा को फिर उनकी राजनीतिक कर्मठता और अनुभव का बड़ा इनाम मिला है. भाजपा नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य नियुक्त कर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है. अरोरा नगर के एकमात्र ऐसे चेहरे हैं, जिन्हें इस प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिला है. उनके मनोनयन पर भाजपाइयों और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है. अरोरा की गिनती जिले के गिने-चुने नेताओं में होती है जिनकी जमीनी पकड़ बेहद मजबूत है. वे पूर्व में सीहोर नपा अध्यक्ष के रूप में शहर के विकास में अहम भूमिका निभा चुके हैं. जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर रहते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन और विकास कार्यों को गति दी थी.

## अनियंत्रित होकर पलटा ट्रैक्टर, चालक दबा

**नवभारत न्यूज**

**इछावर 23 जून.** ग्राम कालापीपल के पास एक बड़ा हादसा टल गया. यहां खेत से बोनी कर घर लौट रहे एक ट्रैक्टर चालक का वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा. हादसे में ट्रैक्टर पूरी तरह पलट गया और चालक उसके नीचे ही दब गया. ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला.

जानकारी के अनुसार ग्राम कालापीपल निवासी राजू मालवीय अपने खेत में बोनी का कार्य पूरा करने के बाद ट्रैक्टर लेकर घर वापस लौट रहा था. इसी दौरान रास्ते में अचानक ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह बेकाबू होकर सीधे पुलिया से नीचे जा गिरा. हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रैक्टर पलटने से चालक राजू उसके मलबे के नीचे बुरी तरह फंस गया. घटना की भनक लगते ही आस-पास के खेतों और गांव के लोग तुरंत मौके पर एकत्र हो गए. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने बिना वक्त गंवाए राहत कार्य शुरू किया. चश्मदीदों के मुताबिक ट्रैक्टर का वजन बहुत ज्यादा था और राजू नीचे दबा हुआ था। काफी मशक्कत और सूझबूझ के बाद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को थोड़ा उठाकर राजू को सुरक्षित बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है.

## 9 लाख की अवैध सागौन से लदी पिकअप जब्त

- नंदगांव के पास भैरूंदा पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई
- जब्तशुदा वाहन और सागौन लकड़ी वन विभाग को सौंपी

**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा 23 जून.** पुलिस ने अवैध रूप से परिवहन की जा रही सागौन लकड़ी से भरी पिकअप को जब्त कर करीब 9 लाख रुपये का माल बरामद किया है. पुलिस ने वाहन से 12 नग सागौन की लकड़ी बरामद कर कार्रवाई के बाद वाहन एवं लकड़ी को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नंदगांव के समीप एक बोलेरो पिकअप वाहन एमपी 47 जेडडी 7754 खड़ा है, जिसमें पन्नी से ढंककर सागौन की लकड़ी रखी गई है. सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन तथा एएसपी सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची. हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही वाहन चालक फरार हो गया. पिकअप में 12 नग सागौन की लकड़ी भरी मिली. प्रथम दृष्टया लकड़ी अवैध कटाई के बाद परिवहन की जा रही थी। पुलिस ने वाहन सहित लकड़ी को जब्त कर थाने लाया तथा वन विभाग को सूचना दी. इसके बाद जब्त वाहन और सागौन की लकड़ी को वन विभाग लाडकुई के सुपुर्द कर दिया गया. इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक दिनेश जाट, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र गुर्जर एवं आरक्षक लवकेश की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही.



## शिकायतकर्ताओं से एसपी ने किया संवाद

**सीहोर.** मंगलवार को जनसुनवाई में एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने आमजन की समस्याओं को सुना. उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रो से आये शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद किया एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली. जनसुनवाई में कुल 32 शिकायतकर्ता उपस्थित हुए. सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए एसपी श्रीमती सक्सेना ने थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए.

## हाइवे निर्माण में लापरवाही, ब्रिज के कई स्लैब अचानक गिरे

- स्टेट हाइवे 146 बी के निर्माण कार्य पर उठे सवाल
- स्लैब निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग के लगे आरोप



**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 23 जून.** निर्माणाधीन बुधनी-नसरुल्लागंज स्टेट हाईवे-146 बी एक बार फिर विवादों में आ गया है. ग्राम ऊंचाखेड़ा के पास भागनेर नदी पर बन रहे पुल के लिए तैयार किए गए भारी-भरकम स्लैब अचानक गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए.

सूत्रों के मुताबिक पुल निर्माण में उपयोग किए जाने वाले स्लैब का निर्माण कार्य पहले ही किया जा चुका था. इसी दौरान कई स्लैब अचानक गिर गए. बताया जा रहा है कि एक स्लैब निर्माण गुणवत्ता सही नहीं पाए जाने पर रिजेक्ट भी किया गया है. स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी है कि स्लैब निर्माण में उपयोग की गई सामग्री और तकनीकी मानकों को लेकर शुरू से सवाल उठते रहे हैं. कई जगह स्लैबों में गिट्टी अलग दिखाई देने जैसी खामियां सामने आई हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर संदेह और गहरा गया है. मामला मीडिया में उजागर होने के बाद हड़कंप मच गया. घटनास्थल की तस्वीरें और वीडियो ठेका कंपनी की लापरवाही, निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पूरे प्रोजेक्ट की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं. स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है. उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य में लापरवाही हुई है तो सख्त कार्रवाई होनी चाहिए.

इस मामले में प्रोजेक्ट मैनेजर अमित शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी. वहीं, एनएचएआई की एसडीओ नीतू पटेल से भी फोन पर संपर्क कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे भी बात नहीं हो सकी.

## जानलेवा हमले के इनामी आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**भैरूंदा 23 जून.** जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे दो शातिर और 4-4 हजार रुपये के इनामी आरोपियों को भैरुंदा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों से थार व हथियार भी जब्त किए हैं. दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया, जिसके बाद उप जेल भैरुंदा भेज दिया गया.

पुलिस के अनुसार 20 मई को ग्राम कुवाली, थाना मानपुर जिला इंदौर निवासी भगवान बड़ोदिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके साथी विजय अलेरिया पर भूपेन्द्र जाट एवं कान्हा जाट निवासी हालियाखेड़ी ने जानलेवा हमला किया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी थी. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भूपेन्द्र जाट एवं कान्हा उर्फ धीरज जाट पिता बाबूलाल जाट, निवासी हालियाखेड़ी को गिरफ्तार करते हुए हथियार व थार जब्त कर ली है.

## मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 23 जून.** मंडी शुल्क में की गई बढ़ोतरी के विरोध में प्रदेश सहित सीहोर में भी व्यापारियों का आक्रोश देखने को मिला. गल्ला व्यापारी एसोसिएशन के आह्वान पर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल रखकर ज्ञापन सौंपा गया.

व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए सरकार से बढ़े हुए मंडी शुल्क को तुरंत वापस लेने की मांग की गई है. व्यापारियों का कहना है कि सरकार ने मंडी शुल्क को बढ़ाकर सीधे 1.50 प्रतिशत कर दिया है. यह सीधे तौर पर 50 प्रतिशत की भारी वृद्धि है, जिसका सीधा असर व्यापारियों के साथ उपभोक्ताओं पर भी पड़ेगा. व्यापारियों ने स्पष्ट किया है कि आज की यह हड़ताल केवल एक सांकेतिक विरोध था. यदि सरकार ने उनकी जायज मांगों पर ध्यान नहीं दिया और बढ़े हुए मंडी शुल्क को वापस स्थिर नहीं किया, तो आने वाले दिनों में व्यापारी वर्ग अपने हक के लिए एक आंदोलन के लिए मजबूर होगा.



श्रद्धांजलि सभा | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यालय में हुई श्रद्धांजलि सभा

## डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति व वैचारिक दृढ़ता का उदाहरण

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 23 जून.** भाजपा कार्यालयमें महान राष्ट्रवादी चिंतक, प्रखर शिक्षाविद, जनसंघ के संस्थापक एवं भारतीय एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया.



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और वैचारिक दृढ़ता का अनुपम उदाहरण है. डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि मानते हुए अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित कर दिया.

सभा को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान भारतीय इतिहास में राष्ट्रीय एकता के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदानों में से एक है.डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर में लागू दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था का दृढ़ता से विरोध किया था क्योंकि वे मानते थे कि एक देश में दो संविधान और दो व्यवस्थाएं स्वीकार नहीं की जा सकतीं. जम्मू-कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उन्होंने संघर्ष किया और इसी उद्देश्य से किए गए आंदोलन के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया, जहां रहस्यमयी परिस्थितियों में उनका निधन हुआ. उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता रहेगा. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र के प्रति समर्पण और बलिदान प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है. श्रृद्धांजलि सभा में वरिष्ठ नेता सन्नी महाजन, उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, मीडिया प्रभारी प्रितेश राठौर, जिला मंत्री प्रीति सोनी, जयसिंह ठाकुर, आशीष पचौरी, पवन जैन, कन्हैयालाल, हरिओम शर्मा दाऊ, राकेश राठौर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## नशा मुक्ति जागरुकता अभियान 26 तक

**सीहोर.** नशामुक्ति के उद्देश्य से जिले में 26 जून तक नशा मुक्त भारत सप्ताह आयोजित किया जा रहा है. जिले में अनेक नशामुक्ति संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. स्कूल कॉलेजों में नशा मुक्ति पर निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं. जन जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, नशा मुक्ति शपथ, ई-शपथ अभियान, परामर्श सत्र एवं कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं. 26 जून को मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर विशेष सप्ताह का समापन होगा.